# NOTE FOR JUSTIFICATION

परियोजना का नाम :– जनपद पिथौरागढ़ के विधान सभा क्षेत्र पिथौरागढ़ के विकासखण्ड मूनाकोट में माड़ मर्सोली मोटर मार्ग का संगट्टा तक विस्तार कार्य।

जनपद पिथौरागढ़ के विधान सभा क्षेत्र पिथौरागढ़ के विकासखण्ड मूनाकोट में माड़ मर्सोली मोटर मार्ग का संगट्टा तक विस्तार कार्य की स्वीकृति उत्तराखण्ड शासन का पत्रांक संख्या 895/ III(2)/19–44(एम0एल0ए0)/2017, दिनांक 22/02/2019 द्वारा 5.00 किमी0 रू0 138.80 लाख स्वीकृत हुआ है।

उक्त प्रस्तावित मोटर मार्ग माड़ मर्सोली मोटर मार्ग के किमी0 2.000 से प्रारम्भ होता है तथा मर्सोली भाट ग्राम सभा के तोक गॉवो खैनाल गॉव, डाबरी खैनाल, डाबरी, व डाबरी जोशी को जोड़ते हुए ऐचोली बड़ाबे मोटर मार्ग के किमी0 6.00 में मिल जाता है। जिसकी आबादी 255 है, जो अभी तक किसी मोटर मार्ग से नहीं जुड़ा है। इस मार्ग के निर्माण से ग्रामवासियों को यातायात की सुविधा होगी। वर्तमान में गॉव की महिलाएँ पानी,लकड़ी,चारा आदि लेने के लिए दूर जाती है, मार्ग निर्माण के पश्चात उनका बहुमूल्य समय बचेगा। साथ ही वे अपने घर और पाल्यों को अधिक समय दे पायेगें तिससे कि पाल्यों का लालन पालन तथा पठन–पाठन ठीक से होगा। तथा कुपोषण जैसी भारी समस्या दूर होगी। गांव में चिकित्सालय एवं विद्यालय खुलने के और नये अवसर मिलेंगे। ग्रामवासियों द्वारा अपने उत्पादित फल, सब्जी ,अनाज आदि को बाजार तक बिना किसी कठिनाई के ले पायेंगे साथ ही ग्राम विकास की ओर अग्रसर होगा एवं स्थानीय लोगों को रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे।

यह समरेखण सिविल भूमि (राज्य भूमि ) आरक्षित भूमि, वन पंचायत तथा नाप भूमि से होकर गुजरता है। समरेखण के अन्दर कोई मकान, मस्जिद, कब्रिस्तान का भाग नहीं पड़ता है।

उल्लेखनीय है कि पर्वतीय क्षेत्रों में काश्तकारों की नाप भूमि के अतिरिक्त समस्त भूमि श्रेणी में ले ली गई है। इस प्रकार इस मार्ग के समरेखण में नाप भूमि 2.9925 हे0, सिविल सोयम भूमि 0.945 हे0, शून्य वन पंचायत भूमि प्रभावित हो रही है, जो न्यूनतम है एवं अपरिहार्य है, वन भूमि हस्तान्तरण करने हेतु वन संरक्षण अधिनियम 1980 के प्राविधानों के अंतर्गत यह प्रस्ताव गठित कर प्रेषित किया जा रहा है।

विस्तृत सर्वेक्षण उपरान्त इस मार्ग के निर्माण हेतु दो समरेखणों पर विचार किया गया है, जिन्हें प्रस्ताव में संलग्न इन्डैक्स मानचित्र में अलग अलग रंग से दर्शाया गया है।

**समरेखण नं0 01:–** यह समरेखण मोटर मार्ग माड़ मर्सोली मोटर मार्ग के किमी0 2.000 से प्रारम्भ होता है तथा ऐचोली बड़ाबे मोटर मार्ग के किमी0 6.00 में मिल जाता है। जिस कारण वन सम्पदा कम प्रभावित होती है तथा इस समरेखण से मार्ग बनाने में नाप भूमि प्रभावित हो रही है जिससे ग्रामवासी सहमत है। सह समरेखण मानचित्र में लाल रंग से दर्शाया गया है।

**समरेखण नं0 02:–** यह समरेखण मोटर मार्ग माड़ मर्सोली मोटर मार्ग के किमी0 2.000 से प्रारम्भ होता है तथा ऐचोली बड़ाबे मोटर मार्ग के किमी0 6.00 में मिल जाता है। तथा इस समरेखण से मार्ग बनाने में नाप भूमि एवं वन भूमि अधिक प्रभावित हो रही है जिससे ग्रामवासी असहमत है। सह समरेखण मानचित्र में नीला रंग से दर्शाया गया है।

**उक्त को ध्यान में रखते हुए समरेखण नं0 02 को निरस्त कर समरेखण नं0 01 को अनुमोदित किया जाता है।**

सहायक अभियन्ता
प्रान्तीय खण्ड लो0नि0वि0
पिथौरागढ़

अधिशासी अभियन्ता
प्रान्तीय खण्ड लो0नि0वि0
पिथौरागढ़

वन क्षेत्राधिकारी
पिथौरागढ़

प्रभागीय वन अधिकारी
पिथौरागढ़ वन प्रभाग
पिथौरागढ़